सत्यमेव जयते

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

17 जुलाई, 2019

तारांकित प्रश्न सं0-1341(श्री शम्भू नाथ यादव)

श्री शैलेश कुमार, मंत्री : महोदय, आंशिक स्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन दो पथों से संबंधित है । नम्बर 1. बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड के गंगोली पंचायत में गंगोली बांध से खरहाट टांड़ तक पथ, उस पथ की लम्बाई 2.52 किलोमीटर है, यह पी0एम0जी0एस0वाई0 अंतर्गत निर्मित है एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर है । बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 के तहत इसकी मरम्मती हेतु प्राक्कलन स्वीकृति की प्रक्रिया में है, तदनुसार अग्रतर कार्रवाई की जा सकेगी । नम्बर 2> खरहाट टांर के पी0डब्लू0डी0 रोड सोन मील तक पथ, उस पथ की लम्बाई 0948 किलोमीटर है । यह पी0एम0जी0एस0वाई0 अंतर्गत निर्मित है एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर है । बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 के अंतर्गत इसकी मरम्मती हेतु प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है, स्वीकृति के उपरांत अग्रतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

श्री शम्भू नाथ यादव : महोदय, बहुत लम्बा समय से प्राक्कलन तैयार हो रहा है । थोड़ा-सा समय तय करा दिया जाय ।

अध्यक्ष : मंत्री जी, इसको जल्दी से देखवा लीजियेगा ।

तारांकित प्रश्न संख्या-1342( श्री सरोज यादव)

श्री शैलेश कुमार, मंत्री : महोदय, अस्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि विभाग के द्वारा कराये जा रहे सभी योजना का कार्यान्वयन का त्रिस्तरीय क्वालिटी कंट्रोल का प्रावधान है । प्रथम स्तर पर कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा गुणवत्ता की जांच प्राक्कलन में किये गये प्रावधानों के अनुरूप की जाती है । क्षेत्र प्रयोगशाला जो गुणवत्ता प्रबंधन की इकाई है क्वालिटी कंट्रोल की रिपोर्ट प्राप्त यदि कराये गये कार्यों के विरूद्ध भुगतान किया जाता है । राज्य प्रायोजित योजनाओं में एस0क्यू0एम0, पी0क्यू0अम0 इन्डीपेंडेंट इंजीनियर के द्वारा समय-समय पर प्राक्कलन के अनुरूप कार्यान्वयन की जांच की जाती है । केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में इसके अतिरिक्त एस0क्यू0एम0 के द्वारा भी जांच की जाती है । इसके अतिरिक्त प्राप्त शिकायतों पर भी विभागीय गुणवत्ता प्रबंधन इकाई के अधीक्षण अभियंता के द्वारा जांच की जाती है, साथ ही विभाग में कार्यरत अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता एवं अभियंता प्रमुख के द्वारा जांच की जाती है । प्रश्न में उल्लेखित विषय के आलोक में पुनः संबंधित अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, आरा के बड़हरा विधान सभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पथों